CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
Tital Code:RAJHIN27921

दैनिक

# मरुधर विशेष



Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732

वर्ष: 01 | अंक: 165 | जयपुर | 24 जनवरी 2023 | मंगलवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04

## पीएम मोदी 28 जनवरी को पहुंचेंगे मालासेरी धाम

### पीएम मोदी की सभा को लेकर भाजपा ने दो लाख लोगों के जुटने का दावा



जयपुर. राजस्थान के आसींद (भीलवाड़ा) क्षेत्र स्थित मालासेरी डूंगरी में गुर्जर समाज के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ भगवान देवनारायण की प्रकट स्थली पर 28 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचेंगे। उनकी सभा में करीब 2 लाख लोगों को जुटाने के लक्ष्य में भाजपा जुटी हुई है। आसींद क्षेत्र में पीएम मोदी महाकाल कॉरिडोर (उज्जैन) की तर्ज पर भगवान देवनारायण कॉरिडोर बनाने की घोषणा कर सकते हैं। इसके लिए क्षेत्र में केन्द्र की रिसर्च व सर्वे टीम पहुंची है। यह टीम वहां भगवान देवनारायण से जुड़े ऐतिहासिक प्रमाणों, साक्ष्यों, साहित्य, धार्मिक आख्यानों का अवलोकन कर रही है। बहुत से संगठनों और स्थानीय लोगों व विशेषज्ञों से भी टीम के सदस्य सम्पर्क कर रहे हैं। मंत्रालय इस रिसर्च के माध्यम से क्षेत्र में बहुत सी शैक्षणिक, पर्यटन, विकास संबंधी गतिविधियां जल्द ही वहां शुरू करेगा। संस्कृति मंत्रालय की ओर से बहुत से विश्वविद्यालयों से भी सम्पर्क किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र के बारे में अधिकृत जानकारी मिल सके। पीएम मोदी की सभा के लिए मालासेरी डूंगरी से करीब 300 मीटर दूर एक नया हेलिपैड भी बनाया जा रहा है, जहां हेलिकॉप्टर से पीएम मोदी लैंड करेंगे। उसके बाद वे कार द्वारा एक नये रास्ते से मालासेरी डूंगरी पहुंचेंगे और अंत में 20 सीढ़ियों के एक नए बन रहे रास्ते से चढ़ कर मंदिर परिसर में पहुंचेंगे। वर्तमान में जो आम रास्ता है, वो करीब 130 सीढ़ियों का है। पीएम मोदी की सुरक्षा व सुविधा संबंधी विषय को ध्यान में रखते हुए यह नया रास्ता बनाया गया है। पीएम मोदी मंदिर पहुंचकर वहां चल रहे विष्णु यज्ञ में पूणार्हुति देंगे। इसके बाद उनकी सभा होगी जहां वो भगवान देवनारायण के प्रति अपना संदेश लोगों को देंगे। पीएम मोदी की इस यात्रा के लिए केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। केन्द्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने हाल ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के साथ यहां बैठक भी की थी। इसके लिए राजस्थान की करीब 12 लोकसभा सीटों और 40 विधानसभा सीटों से जुड़े भाजपाई कार्यकताओं को विशेष रूप से सक्रिय किया गया है। गुर्जर समाज से जुड़े संगठनों, संस्थाओं, संघों व प्रभावशाली लोगों को पत्र भेजे जा रहे हैं। भाजपा के राजस्थान में 24 सांसद हैं, वे सभी इस कार्यक्रम में 28 जनवरी को आसींद पहुंचेंगे। हाल ही भाजपा ने केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के साथ मिलकर बांसवाड़ा के गुजरात सीमा पर स्थित मानगढ़ पहाड़ पर भी पीएम मोदी की सभा की थी। कार्यक्रम में सीएम अशोक गहलोत भी शामिल हों। पीएम मोदी की सभा के लिए टोंक-सवाईमाधोपुर के सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया और भीलवाड़ा के सांसद सुभाष बहेड़िया को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। दोनों लगातार दूसरी बार सांसद बने हैं और दोनों के संसदीय क्षेत्र की कुल 16 में से 12 विधानसभा सीटों पर गुर्जर मतदाताओं की संख्या पहले और दूसरे नम्बर पर है। जौनापुरिया और बहेड़िया पिछले दिनों क्षेत्र का दौरा भी कर चुके। दोनों केन्द्रीय मंत्री मेघवाल के साथ भी बैठक कर चुके हैं। इन दोनों संसदीय क्षेत्रों से गुर्जर समाज के करीब 50 हजार लोग पीएम मोदी की सभा में शामिल होंगे।

केन्द्र सरकार ने जिस तरह से वाराणसी, अयोध्या और महाकाल (उज्जैन) में भव्य धार्मिक कॉरिडोर बनाए हैं, वैसा ही एक कॉरिडोर भगवान देवनारायण के नाम पर आसींद (भीलवाड़ा) में बनाए जाने की कवायद जारी है। इसके लिए केन्द्र सरकार का संस्कृति मंत्रालय तैयारियां कर रहा है। इसकी विस्तृत कार्ययोजना पीएम मोदी की सभा के बाद सामने आएगी। आसींद क्षेत्र में मालासेरी डूंगरी एक पठारी-पवर्तीय स्थल है। जहां पास ही खारी नामक विहंगम नदी भी है। इस क्षेत्र में महाभारत की ही तरह भीषण युद्ध भी हुए थे, जिनका उल्लेख क्षेत्रीय लोक गीतों और गुर्जर समाज के साहित्य में उपलब्ध हैं। यहां कमल के फूल में भगवान देवनारायण प्रकट हुए थे। वर्तमान में उसी मालासेरी डूंगरी पर उनका मंदिर है। चारों तरफ जो भूमि है, उस पर विश्व स्तर का धार्मिक पर्यटन स्थल बनाए जाएगा। ऐसा होने पर देश-विदेश से लोग वहां आएंगे तो रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। वाराणसी, अयोध्या और महाकाल कॉरिडोर ने दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर खींचा है, वैसा ही संभवतः राजस्थान में हो सकेगा।

# हंगामे के बीच राज्यपाल का अभिभाषण

## राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल को बीच में रोकना पड़ा अभिभाषण

जयपुर। राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र आज हंगामे के बीच हुए राज्यपाल अभिभाषण के साथ हुआ। राज्यपाल कलराज मिश्र ने जैसे ही अभिभाषण पढ़ना शुरू किया विपक्ष ने पेपर लीक प्रकरण का मुद्दा उठा दिया। इस मुद्दे को लेकर तमाम विपक्षी दलों ने एकसुर में सरकार का विरोध जताया। विरोध कर रहे विधायकों ने राज्यपाल अभिभाषण के दौरान ही वेल में आकर सरकारी विरोधी तख्तियां लहराईं और नारेबाजी कर जोरदार हंगामा किया। शोर-शराबे के बीच राज्यपाल ने शुरूआती पंद्रह मिनट तक अपना अभिभाषण जारी रखा। हंगामा ज्यादा होने के कारण राज्यपाल ने अभिभाषण को बीच में हो रोक दिया जिसे पढ़ा हुआ माना गया। राज्यपाल अभिभाषण के तुरंत बाद राष्ट्रगान हुआ और फिर राज्यपाल ने सदन से रवानगी ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने जैसे ही अभिभाषण पढ़ना शुरू किया, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने पेपर लीक प्रकरण उठाते हुए सरकार का विरोध जताया। उन्होंने राज्यपाल को संविधान पीठ के इंचार्ज और संविधान का रक्षक बताते हुए इस विषय पर हस्तक्षेप का आग्रह किया।

कटारिया ने कहा कि हर बार की तरह इस सत्र में आप भाषण पढ़ेंगे और फिर हम सब भी यहां भाषण करेंगे और सुनेंगे, लेकिन उन 50 लाख बच्चों की



आखिर कौन चिंता करेगा जो पेपर आउट प्रकरण होने के कारण प्रभावित हैं? उनके बारे में भी सोचना पड़ेगा, नहीं तो इस तरह से संविधान की धज्जियां उड़ेंगी। कटारिया के सरकार का विरोध जताने के बाद भाजपा सहित सभी विपक्षी दलों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। कुछ विधायक पेपर लीक प्रकरण को लेकर सरकार विरोधी तख्तियां लेकर वेल में पहुँच गए और सरकार विरोधी नारे लगाने लगे। शोरशराबा और हंगामा इतना ज्यादा बढ़ा कि राज्यपाल को अभिभाषण बीच में ही रोक देना पड़ा।

### रालोपा के तीन विधायक निष्कासित, मार्शल बुलवाकर सदन से निकलवाया

राज्य विधानसभा में सोमवार को पेपर लीक को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। भाजपा और रालोपा के विधायकों ने सदन में आकर सरकार पर जमकर निशाना साधा। रालोपा के विधायक नारायण बेनीवाल, पुखराज गर्ग और इंदिरा बावरी तो वैल में आकर तख्ती दिखाने लगे और सरकार से इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करने लगे। स्पीकर डॉ सीपी जोशी के बार-बार चेतावनी के बाद भी ये तीनों विधायक नहीं माने तो स्पीकर ने इन्हें मार्शल के जरिए सदन से बाहर निकलवा दिया और आज एक दिन की कार्यवाही से निष्कासित भी कर दिया। दरअसल राज्यपाल के अभिभाषण के खत्म होने के बाद विधानसभा की कार्यवाही 11:55 बजे दुबारा से शुरू हुई तो आरएलपी के तीनों विधायक फिर से सदन में आकर तख्तियां दिखाने लगे। इस तख्ती पर पेपर लीक की जांच सीबीआई से कराने की मांग की जा रही थी। तीनों विधायक सदन में नारेबाजी भी कर रहे थे। इस बीच स्पीकर जोशी ने कांग्रेस के नव निर्वाचित विधायक अनिल शर्मा को शपथ के लिए बुलाया और उन्हें शपथ दिलानी शुरू कर दी। इस दौरान भी आरएलपी के विधायक अपनी मांग दोहराते रहे। शपथ पूरी होने के बाद स्पीकर जोशी ने उन्हें कहा कि कम से कम विधायक के शपथ के दौरान तो वे सदन में हंगामा नहीं करके गरिमा दिखाते। स्पीकर जोशी ने उन्हें अपनी सीट पर जाने के लिए कहा, नहीं मानने पर उन्हें सदन से बाहर जाने को कह दिया। इसके बाद भी तीनों विधायक नहीं गए तो जोशी ने मार्शल को बुलाकर तीनों को बाहर निकालने के निर्देश दे दिए। इस दौरान मार्शल ने महिला विधायक का हाथ पकड़ लिया तो राजेन्द्र राठौड़ खड़े हो गए और हाथ छोड़ने को कहा। इस पर वहां महिला पुलिसकर्मी आई और विधायक को बाहर ले गई। स्पीकर ने तीनों विधायकों को आज के लिए तीनों को निष्कासित भी कर दिया।

### गहलोत सरकार का बजट अब 10 फरवरी को

गहलोत सरकार अपना अंतिम और पांचवां बजट अब आठ के बजाय 10 फरवरी को पेश करेगी। राज्य विधानसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद कार्य सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी दिनों की कार्यवाही विवरण तय किया गया। बैठक का प्रतिवेदन मंगलवार को विधानसभा में रखा जाएगा। संभावित कार्यक्रम के अनुसार 24 फरवरी से राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस शुरू होगी। इसके बाद 25 से 29 जनवरी तक विधानसभा की बैठक नहीं होगी। 30 और 31 फरवरी को बैठक होगी। इसके बाद 1 फरवरी को देश का आम बजट आने के चलते बैठक नहीं होगी। इसके बाद दो फरवरी को फिर बैठक होगी और इस दिन सीएम अशोक गहलोत की ओर से राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब दिया जाएगा। इसके बाद 10 फरवरी को सदन में सीएम गहलोत की ओर से बजट पेश किया जाएगा।

# नेता बनो, पद अपने आप मिल जाएगा

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के समापन सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिया बड़ा संदेश

जयपुर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा नेताओं को बड़ा संदेश दिया है। प्रदेश कार्यसमिति के समापन सत्र में नड्डा ने कहा कि हर किसी को एमएलए और एमपी बनने की चाहत है। मगर मेरा मानना है कि सभी को नेता बनना चाहिए। पद अपने आप मिल जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं को हवा में उड़ने की वजह धरातल पर रहकर काम करने की नसीहत भी दी। अपने 35 मिनट के भाषण में नड्डा ने राज्य की गहलोत सरकार पर भी हमला बोला और कार्यकताओं को एकजुट होकर चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, पेपर लीक हो रहे हैं, मगर सरकार में किसी की सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाए और जन विरोधी नीतियों को लेकर सरकार के खिलाफ माहौल बनाए ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को दो तिहाई बहुमत से जीत



मिले।

उन्होंने प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों को को जीत का मंत्र दिया और कहा कि जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा जाए और खुद कम बोलें और जनता की ज्यादा सुने। उन्होंने पार्टी को केंद्र में रखकर काम करने की सभी नेताओं को सलाह दी।कार्यसमिति के मंच पर सभी बड़े नेताओं को बैठने की जगह दी गई। इस दौरान जेपी नड्डा के दोनों तरफ अरुण सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया की सीट रिजर्व थी। मगर सिंह ने खुद की सीट पर वसुंधरा राजे को बैठा दिया। इसे भी एक राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में सोमवार को राजनीति प्रस्ताव पास हुआ, जिसमें राजस्थान से गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया गया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि प्रदेश में जंगलराज है और कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो गई है। जहां केंद्र सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम कर रही है, वहीं गहलोत सरकार राजस्थान को पीछे धकेलने का काम कर रही है। युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है, बार-बार पेपर लीक होने से युवा परेशान है। चौधरी ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में तय किया गया है कि जनता से जुड़े मुद्दों को उठाया जाएगा और सड़कों पर उतरा जाएगा। चौधरी ने कहा कि बलात्कार के मामले में आज राजस्थान देश में नंबर वन है। राजस्थान दंगों का राज्य कहलाने लगा है। किसानों का आज तक कर्ज माफ नहीं हो पाए और ना ही तेरे बिना रे को बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है। विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजनीतिक प्रस्ताव में जो मूल बात आयी वह यह कि राजस्थान में असहाय मुख्यमंत्री राज कर रहा है। प्रशासन ठप है, 1 लाख से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। तुष्टिकरण की नीति सरकार अपना रही है। धर्मांतरण की बातें सामने आ रही हैं। विशेष समुदाय के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। देवनानी ने मांग की है कि सरकार ने अब तक जो घोषणाएं की है, उसका श्वेत पत्र जारी किया जाए। ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो जाए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्तओं को संकल्प दिलाया है कि जब तक राजस्थान में डबल इंजन की सरकार नही बनती तब तक चुप नहीं बैठेंगे। इन हालातों में राजस्थान में नवंबर से पहले चुनाव हो जाए तो बड़ी बात नहीं।

### आवासन मंडल का सिटी पार्क में बढ़ती भीड़ के लिए क्राउड मैनेजमेंट

# मंडल करवाएगा वीटी रोड और अरावली रोड को जोड़ने वाली दो सड़कों का निर्माण

### आमजन को मिल सकेगी भीड़ और अव्यवस्था से निजात

जयपुर। सिटी पार्क में मध्यम मार्ग से आने वाली भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए आवासन मंडल वीटी रोड और अरावली रोड को जोड़ने वाली (मध्यम मार्ग के समानांतर) दो सड़कों का निर्माण करेगा।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने सोमवार को मंडल मुख्यालय पर सिटी पार्क एवं फाउंटेन स्क्वायर परियोजना की समीक्षा करते हुए बताया कि मानसरोवर स्थित सिटी पार्क जयपुर का लैंड मार्क बन गया है। प्रतिदिन हजारों की तादाद में लोग परिवार सहित सिटी पार्क आ रहे हैं। मध्यम मार्ग की ओर से आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए फाउंटेन स्क्वायर के बाद 40 फीट की और मॉल के लिए ऑक्शन किए गए भूखंड के बाद 80 फीट की सड़क का निर्माण करवाएगा। गौरतलब है कि मध्यममार्ग 80 फीट का ही है।

अरोड़ा ने कहा कि दोनों सड़कों की शीघ्र निविदा जारी करने के भी निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पार्क में अवांछित लोगों को की आवाजाही रोकने व सौंदर्यीकरण के लिए पार्क में जल्द ही न्यूनतम शुल्क के साथ टिकट व्यवस्था भी शुरू की जाएगी। इसके अलावा चिल्ड्रंस जिम के साथ आकर्षक सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस दौरान पार्क की विभिन्न गतिविधियों शेष रही प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति, निविदाओं, इलेक्ट्रिक मेंटेनेंस सहित कई अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

अरोड़ा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि लोगों को सुकून और



हरियाली उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने सिटी पार्क आमजन को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि पार्क आने वाले हर आगंतुक का यह दायित्व बनता है कि वह पार्क परिसर की किसी भी धरोहर को नुकसान ना पहुंचाए और न ही नुकसान पहुंचाने दे। पार्क का सौंदर्यीकरण व खूबसूरती बनी रहे यह मंडल ही नहीं आमजन की भी जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया, आवासीय अभियंता केके दीक्षित सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## आरयू के अध्यक्ष निर्मल चौधरी को महासचिव अरविंद जाजड़ा ने मारा थप्पड़

### महारानी कॉलेज में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह के सामने भिड़े छात्र नेता

जयपुर. महारानी कॉलेज के छात्रसंघ कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ा बवाल हो गया। कार्यक्रम में राजस्थान यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष निर्मल चौधरी को महासचिव अरविंद जाजड़ा ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद मंच पर ही दोनों के समर्थक आपस में भिड़ गए। बता दें कि



इस दौरान मंच पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह भी मौके पर मौजूद थे। घटना सोमवार दोपहर की है। थप्पड़ पड़ने के बाद निर्मल चौधरी ने कहा मुझे बतौर अतिथि कार्यक्रम में बुलाया गया था। वहां खुलेआम गुंडागर्दी की गई। इससे मैं डरने वाला नहीं हूं। मैं कोई गुंडा या बदमाश नहीं हूं। जब तक शरीर में सांस चलेगी छात्रों के लिए काम करता रहूंगा। थप्पड़ मारने से रुकने वाला नहीं हूं। महारानी कॉलेज के छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया था। इस दौरान आरएसएस के जयपुर प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र कुमार मुख्य अतिथि थे। वहीं सिंगर अखिल स्टूडेंट्स के लिए परफॉर्म करने वाले थे। हालांकि छात्र गुटों में मारपीट की घटना के बाद शेखावत महारानी कॉलेज की प्रिंसिपल के कमरे में कुछ देर बैठने के बाद वहां से रवाना हो गए। निर्मल चौधरी ने कहा कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जैसे ही मंच पर पहुंचा एक असामाजिक तत्व ने मुझे धक्का दिया। इस तरह खुलेआम गुंडागर्दी के खिलाफ प्रशासन को भी एक्शन लेना चाहिए। मेरी बराबरी करनी है तो बराबर कार्य करो। छात्रशक्ति के लिए जुटो, तब मानूंगा। ये सस्ती लोकप्रियता पाने का काम है। आप सही दिशा में काम कीजिए। गुंडा बदमाश बनने से समाज आपको स्वीकार नहीं करेगा। अरविंद केजरीवाल को भी थप्पड़ पड़ा था लेकिन आज वे दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं। नक्सली क्षेत्रों में भी 20 साल पहले ऐसी घटनाएं सरेआम होती थी, आज वहां भी नहीं होती।

## सम्पादकीय

# जैसे पाकिस्तान कश्मीर राग अलापता है उसी तरह दिग्विजय सिंह सबूत राग क्यों अलापते हैं?

सारा देश भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करता है। लेकिन चूँकि दिग्विजय सिंह को विश्वास नहीं हो रहा है इसलिए जरा उनको जरा पहले घटनाक्रम का संक्षिप्त विवरण देते हुए हम बताते हैं कि कैसे भारतीय सुरक्षा बल पाकिस्तानी आतंकवादियों के लिए काल साबित हुए थे।भारतीय सेना, वायुसेना या भारतीय सुरक्षा बलों से उसके शौर्य के सुबूत दो ही लोग मांगते हैं। यह दो लोग हैं पाकिस्तान और कांग्रेस पार्टी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह बार-बार सेना से सबूत मांगते हैं कि वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक का सबूत दे। जम्मू-कश्मीर में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पहुँचने पर दिग्विजय सिंह ने उसी तरह सबूत राग अलापा जैसे पाकिस्तान कश्मीर राग अलापता है। भाजपा ने दिग्विजय के इसी बयान पर तगड़ा पलटवार करते हुए कहा है कि मोदी जी से नफरत करते करते राहुल गांधी और दिग्विजय सिंह अब अंधे हो गए हैं और उनको अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं है।बहरहाल, सारा देश भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करता है। लेकिन चूँकि दिग्विजय सिंह को विश्वास नहीं हो रहा है इसलिए जरा उनको जरा पहले घटनाक्रम का संक्षिप्त विवरण देते हुए हम बताते हैं कि कैसे भारतीय सुरक्षा बल पाकिस्तानी आतंकवादियों के लिए काल साबित हुए थे।14 फरवरी 2019 को सुबह सबकुछ सामान्य रूप से चल रहा था कि अचानक दोपहर को एक दिल दहला देने वाली खबर जम्मू-कश्मीर के पुलवामा से आई जहाँ आतंकवादी आदिल अहमद डार ने श्रीनगर जम्मू हाईवे पर सीआरपीएफ की बस को अपनी उस कार से टक्कर मार दी जोकि विस्फोटकों से भरी हुई थी। टक्कर से बस और कार के परखच्चे उड़ गये और क्षण भर में हमारे 40 जवान शहीद हो गये थे। इस घटना ने पूरे देश में गुस्सा व्याप्त कर दिया था, हर भारतीय का खून उबाल मार रहा था। भारत में आम चुनाव की सरगर्मियों के बीच अचानक से देश की सुरक्षा सबसे बड़ा मुद्दा बन गयी थी। लोग सड़कों पर उतर आये और इस हमले का बदला लेने की माँग करने लगे, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वीकारा कि देशवासियों का यह गुस्सा और नाराजगी जायज है। उन्होंने देश को विश्वास दिलाया कि हमारे जवानों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। यह शायद पहला मौका रहा जब आतंकवादी हमले की सरकार ने कड़ी निंदा करने का बयान जारी करने की बजाय यह कहा कि 'बदला लिया जायेगा'। प्रधानमंत्री साफ कर चुके थे कि यह नया भारत है, हम किसी को छेड़ते नहीं हैं और जो छेड़ता है उसे छोड़ते नहीं हैं। सेना को हमले का बदला लेने के लिए खुली छूट दे दी गयी। कार्रवाई के लिए समय और स्थान सेना को ही तय करना था।इधर भारत पाकिस्तान पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रहा था तो दूसरी ओर पाकिस्तान जोकि सर्जिकल स्ट्राइक का कहर झेल चुका था, वह थर-थर काँप रहा था और भारत कोई कार्रवाई नहीं करे, इसके लिए अमेरिका सहित अन्य देशों से दबाव डलवाने या भारत को समझाने-बुझाने का प्रयास करने लगा। लेकिन प्रधानमंत्री साफ कर चुके थे- कसम मुझे इस मिट्टी की मैं देश नहीं झुकने दूँगा। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी यह कह कर सनसनी फैला दी कि भारत कुछ बड़ा करने वाला है।

# शासन-प्रशासन के बीच संघर्ष से आहत होता लोकतंत्र

दिल्ली सरकार एवं उपराज्यपाल के बीच संघर्ष, तकरार एवं विवाद की स्थितियां लम्बी खिंचती चली जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है, चिन्ताजनक है। एक बार फिर चुनी हुई सरकार और प्रशासक के अधिकारों को लेकर जंग छिड़ी हुई है, सरकार स्वच्छन्दता, स्वतंत्रता एवं अधिकारों के मनचाहे उपयोग को चाहती है, लेकिन ऐसा होने से अधिकारों के दुरुपयोग की व्यापक संभावनाएं हैं और ऐसा होते हुए देखा भी गया है। सरकार के मनचाहे जायज एवं नाजायज निर्णयों पर अंकुश स्वस्थ एवं पाददर्शी शासन एवं प्रशासन की अपेक्षा है। नियंत्रण एवं अनुशासन की इन्हीं अपेक्षित स्थितियों को लेकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार विवाद खड़े करती है। भाषा एवं व्यवहार की सीमा एवं संयम का उल्लंघन करती है। कुछ ऐसा ही आम आदमी पार्ट सरकार के पहले कार्यकाल में भी हुआ था, तब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आरोप लगाते रहे कि उपराज्यपाल उन्हें काम नहीं करने दे रहे। उन्हें अपना सचिव तक नियुक्त नहीं करने दे रहे। अब भी ऐसे ही आरोप लगाते हुए केजरीवाल कहते हैं उपराज्यपाल है कौन? उन्हें चुनी हुई सरकार के कामकाज में दखलंदाजी का अधिकार दिया किसने? यह बात उन्होंने विधानसभा के विशेष सत्र में कही और बाहर मीडिया के सामने भी। हम चुनी हुई सरकार है। क्या चुनी हुई सरकार का अर्थ ऐसी निरंकुशता एवं स्वच्छंदता होती है?

चुनी हुई सरकार बनाम केंद्र की तरफ से नियुक्त प्रशासक के अधिकारों की लड़ाई अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गई लगती है, जिसमें लोकतांत्रिक मूल्य, सिद्धांत और नियम-कायदे कहीं हाशिए पर चले गए हैं। इस लड़ाई में नुकसान दिल्ली के लोगों का हो रहा है। मुख्यमंत्री का आरोप है कि उपराज्यपाल कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं होने दे रहे, योजनाओं के लिए धन नहीं दे रहे। उनके आरोप और भी है। वे अपने आरोप लगाते हुए भाषा एवं व्यवहार की सारी मयार्दाएं लांघ जाते हैं। विचित्र एवं चिन्तनीय स्थिति तो यह है कि सरकारी कामकाज में उपराज्यपाल की ओर से कथित हस्तक्षेप के आरोप के साथ केजरीवाल न सिर्फ उनके कार्यालय तक निकाले गए जुलूस में खुद शामिल होते हैं, बल्कि ऐसी भाषा में बात कहते है जिसे मयार्दा के अनुकूल नहीं कहा जा सकता। उन्होंने उपराज्यपाल पर ह्यसामंती मानसिकता से ग्रस्तह्व होने का आरोप तो लगाया, लेकिन खुद ही जिन शब्दों का प्रयोग किया, वह उनकी मंशा को कठघरे में खड़ा करता है।

यह निश्चित है कि दिल्ली सरकार के किसी फैसले को उपराज्यपाल की सहमति से गुजरना एक निर्धारित प्रक्रिया है। अगर इसमें किसी तरह की अड़चन है तो इस पर विचार या इसका हल भी व्यवस्था के दायरे में ही करना होगा। यह सब निश्चित है, बावजूद इसके मुख्यमंत्री पद पर होते हुए भी केजरीवाल यदि उपराज्यपाल के लिए अभद्र एवं अशालीन भाषा का प्रयोग करते हैं तो इसे लोकतंत्र का हनन ही माना जायेगा। सामान्य जनजीवन में भी सभी लोगों से सभ्य, शालीन और शिष्ट व्यवहार और बोली की अपेक्षा होती है। इसी तरह सत्ता के ढांचे में पद की गरिमा के अनुकूल बर्ताव और बोली की मयार्दा से ही लोकतंत्र जीवंत रह सकेगा। जो व्यवस्था अनुशासन आधारित संहिता से नहीं बंधती, वह विघटन की सीढ़ियों से नीचे उतर जाती है। काम कम हो, माफ किया जा सकता है, पर आचारहीनता तो सोची समझी गलती है- उसे माफ नहीं किया जा सकता।

लोकतंत्र की ताकत यही है कि इसमें नेताओं से लेकर नागरिकों तक को विचार और अभिव्यक्ति की आजादी संविधान देता है। लेकिन यही संविधान अनुशासन, नियंत्रण, जबावदेही भी तय करता है कि सीमा एवं मयार्दा में बात कहीं जाये। शासन एवं प्रशासन की ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जबावदेही को सुनिश्चित करने के लिये हर स्तर पर नियंत्रण नहीं होकर सर्वोपरि नियंत्रण होना चाहिए। हर स्तर पर नियंत्रण रखने से, सारी शक्ति नियंत्रण को नियंत्रित करने में ही लग जाती है। नियंत्रण और अनुशासन में फर्क है। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि स्तर पर आदर्श स्थिति हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और वास्तविक रूप में रहेगा मात्र ऊपरी तौर पर नहीं। अधिकार किसी के कम नहीं हों। स्वतंत्रता किसी की प्रभावित नहीं हो। पर इनकी उपयोग में भी सीमा और संयम हो। कानूनी व्यवस्था में गलती करने पर दण्ड का प्रावधान है, लेकिन शासन एवं प्रशासन की व्यवस्था में कोई दण्ड का प्रावधान नहीं है। यही कारण है कि किसी एक व्यक्ति को संपूर्ण अधिकार देने में हिचकिचाहट रहती है। पंच-पंचायत का वक्त पुनः लौट नहीं सकता जब तक कि समाज में वैसे लोगों को पैदा करने का धरातल नहीं बने। वैसे फैसलों पर फूल चढ़ाने की मानसिकता नहीं बने। लेकिन दिल्ली सरकार ने अपने निर्णयों को लेकर अक्सर विवाद खड़े किये हैं, संदेह एवं शंकाएं पैदा की हैं।

हर स्तर पर दायित्व के साथ आचार संहिता अवश्य हो। दायित्व बंधन अवश्य लायें। निरंकुशता नहीं। आलोचना भी हो। स्वस्थ आलोचना, पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों को जागरूक रखती है। पर जब आलोचक मौन हो जाते हैं और चापलूस मुखर हो जाते हैं, तब फलित समाज को भुगतना पड़ता है। सही है कि दिल्ली के मतदाताओं ने उन्हें चुन कर भेजा है। लेकिन तथ्य यह भी है कि जनता ने उनके पद के साथ संवैधानिक व्यवस्था के तहत कुछ जवाबदेही निभाने के लिए भी चुना है, जिसमें लोकतंत्र की गरिमा और मयार्दा कायम रखना सबसे ऊपर है। दिल्ली के शासन-प्रशासन और सरकार के ढांचे में उपराज्यपाल पद की एक भूमिका और उसके मुताबिक जिम्मेदारियां तय की गई हैं। उन्हें उनकी जिम्मेदारियां निभाने दो।

चुनी हुई सरकार बनाम उपराज्यपाल के दो पाटों के बीच की दूरी को पाटने के लिए बहुत आवश्यक है पुल बने ताकि राजनीतिक द्वंद्व एवं विवाद को मिटाया जा सके। अभी लगता नहीं कि दोनों के बीच की तकरार खत्म होने वाली है। दरअसल, उपराज्यपाल ने कार्यभार संभालने के साथ ही जिस तरह दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति में हुई अनियमितता का मामला उजागर करते हुए कई अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के ठिकानों पर छापे डाले गए, उससे दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्ट एकदम से आक्रोशित हो उठी। उसने भी उपराज्यपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले उजागर करने का प्रयास किया। धनशोधन मामले में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को जेल भेज दिया गया, वह भी उसकी नाराजगी का बड़ा कारण बना। फिर उपराज्यपाल दिल्ली सरकार के फैसलों पर प्रश्नचिह्न लगाने शुरू कर दिए। उसकी फाइलें या तो बिना मंजूरी के लौटाई जाने लगीं या फिर उन्हें रोका जाने लगा। नगर निगम चुनावों के बाद महापौर चुनाव से पहले उपराज्यपाल ने अलग से सदस्यों को मनोनीत करने के अपने विवेकाधिकार का इस्तेमाल किया, तो आम आदमी पार्ट बौखला गयी। नतीजतन, वह चुनाव स्थगित करना पड़ा। मुख्यमंत्री का आरोप है कि उपराज्यपाल सीधे अधिकारियों को आदेश देते हैं, उनसे फाइलें मंगा लेते हैं।

अब यह केवल तथाकथित नेताओं के बलबूते की बात नहीं रही कि वे गिरते राजनीतिक एवं प्रशासनिक मूल्यों को थाम सकें, समस्याओं से ग्रस्त राजनीतिक व राष्ट्रीय ढांचे को सुधार सकें, तोड़कर नया बना सकें। एक प्रशस्त मार्ग दें सके। सही वक्त में सही बात कहें सके। ह्वसिस्टमह्ल की रोग मुक्ति, स्वस्थ लोकतंत्र का आधार होगा। राष्ट्रीय चरित्र एवं राजनीतिक चरित्र निर्माण के लिए नेताओं को आचार संहिता से बांधना ही होगा। दो राहगीर एक बार एक दिशा की ओर जा रहे थे। एक ने पगडंडी को अपना माध्यम बनाया, दूसरे ने बीहड़, उबड़-खाबड़ रास्ता चुना। जब दोनों लक्ष्य तक पहुंचे तो पहला मुस्कुरा रहा था और दूसरा दर्द से कराह रहा था, लहूलुहान था। केजरीवालजी थक जाओ उससे पहले मुस्कुराने का मार्ग चुनो।





# सुरक्षा मानकों की पालना और खनन कार्मिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति गंभीर



जयपुर। राज्य के माइंस विभाग द्वारा सोमवार 23 जनवरी से समूचे प्रदेश में खान सुरक्षा अभियान शुरू हो गया है। खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने बताया कि अभियान के दौरान जोन, वृत, खण्ड, उपखण्ड अधिकारियों के साथ ही विभाग के सतर्कता अधिकारियों द्वारा खनिज खनन/उत्पादन करने वाले कम से कम 15 खनन पट्टों/30 क्वारी लाइसेंस क्षेत्रों का निरीक्षण कर खनन सुरक्षा नियमों व प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी। खान मंत्री भाया ने बताया कि विभाग के अन्य अधिकारियों को भी कम से कम पांच खनन लाइसेंसधारियों के यहां जाकर निरीक्षण करना होगा। उन्होंने बताया कि विभाग खनन परिसरों में खान सुरक्षा मानकों की शतप्रतिशत पालना सुनिश्चित कराने और खनन कार्मिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति गंभीर है। एसीएस माइंस एवं पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चिंतन शिविर के दौरान सुरक्षित खनन, पर्यावरण संरक्षण एवं सिलिकोसिस बीमारी पर चिंता व्यक्त करते हुए रोकथाम की आवश्यकता प्रतिपादित की थी। सुरक्षित खनन के लिए आवश्यक प्रावधानों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए कदम उठाने पर जोर दिया था। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 23 जनवरी से 22 फरवरी तक चलाये जाने वाला एक माह का अभियान आरंभ कर दिया गया है। एसीएस डॉ. अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 (आरएमएमसीआर), खान संरक्षण एवं विकास नियमावली, 2017 (एमसीडीआर) और मेटलिफेरस माइंस रेगुलेशन 1961 (एमएमआर) के साथ ही माइंस अधिनियम 1952 की विभिन्न धाराओं में सुरक्षित खनन के संबंध में आवश्यक प्रावधान उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान इन नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के साथ ही भविष्य में भी इनकी पालना के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान खनन पट्टा व क्वारी लाइसेंस क्षेत्रों के लिए पर्यावरण विभाग द्वारा जारी कंसेट टू ऑपरेट और एनवायरमेंट क्लीयरेंस में निर्देशित प्रावधानों, पर्यावरण व खनिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जारी सुरक्षा प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि खान अधिनियम के अनुसार खनिक श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था, शौचालय, चिकित्सकीय उपकरण आदि की उपलब्धता होना जरूरी है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 में नियमानुसार सुरक्षित एवं वैज्ञानिक विधि से खनिक श्रमिकों के स्वास्थ्य मानकों को ध्यान में रखते हुए खनन गतिविधियां संचालित करने के प्रावधान है। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण, खनन क्षेत्र की सीमांकन, खनन गतिविधियों के सुपरविजन के लिए क्वालीफाईड व्यक्ति को नियोजित किया जाना आवश्यक है। सुरक्षा मानकों की पालना नहीं करने की स्थिति में खनन गतिविधियों को बंद करवा कर आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है। एसीएस ने बताया कि एमसीडीआर के तहत खनन कार्यों के दौरान वैज्ञानिक विधि से खनिज संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए खनन गतिविधियां संचालित करने का प्रावधान है। अभियान के दौरान इनकी पालना के साथ ही एबेंडोनेड माइंस के पुनर्भरण एवं माइंस क्लोजर प्लान की पालना का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही खानों के ओवरबर्डन या वेस्ट आदि निर्धारित स्थान पर रखने और बेक फिलिंग प्रावधानों की पालना भी देखी जाएगी। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि एमएमआर, 1961 में ओपन कास्ट माइंस की बेंच, हाईट, विड्थ, साइड के स्लोप एंगल, डीप होल ब्लॉस्टिंग और भारी मशीनरी के उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश है ताकि खनन कार्य सुरक्षित व वैज्ञानिक तरीके से हो सके। निदेशक माइंस संदेश नायक ने बताया कि अभियान के दौरान निरीक्षण के समय अधिकारियों द्वारा नियमों, प्रावधानों व सुरक्षा मानकों की उपलब्धता व पालना देखेंगे और आवश्यक निर्देश प्रदान करेंगे ताकि राज्य में नियमानुसार सुरक्षा मानकों और खनन श्रमिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गतिविधियों का संचालन हो सके। अभियान की निदेशालय स्तर पर मोनेटरिंग होगी। नायक ने बताया कि माइंस विभाग द्वारा अभियान के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त निदेशक खान, पर्यावरण एवं विकास को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मुख्यालय स्तर पर प्रति शुक्रवार निर्धारित प्रपत्र में सूचना भिजवानी होगी।

## अब भिवाड़ी में भी एसीबी चौकी स्थापित होगी

जयपुर। पुलिस जिला भिवाड़ी में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की चौकी स्थापित होगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिला पुलिस अलवर में संचालित 2 एसीबी चौकियों में से 1 चौकी को भिवाड़ी में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। वर्तमान में अलवर जिले में एसीबी की 2 चौकियां संचालित हैं तथा भिवाड़ी में एक भी चौकी स्थापित नहीं है। भिवाड़ी के बड़े औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण राज्य एवं केन्द्र सरकार के कई विभागों के कार्यालय स्थित हैं। वर्तमान में भिवाड़ी की परिवेदनाओं पर अलवर चौकी ही कार्य कर रही है। गहलोत के इस निर्णय से आमजन और शिकायतकर्ता को चौकी तक पहुंचने में सुविधा होगी।

# बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी को मनाया जाता है। आजकल बालिका के सशक्तीकरण की चर्चा हमारीजुबान पर हर वक्त रहती है। सरकारी चर्चा शिक्षा, टीकाकरण, समान अधिकार देने, स्वास्थ्य, पोषण और बालिकाओं की घटती संख्या से आगे नहीं बढ़ती है। जबकि माता पिता को बालिका की सुरक्षा हर समय चिंतित रखती है। देश में बालिकाओं के साथ हो रही अनहोनी वारदातें निरंतर बढ़ती जा रही है। बेटियों के सशक्तीकरण की अनेक योजनाओं के संचालन के बावजूद आज समाज में बेटियों को सुरक्षा और संरक्षा का समुचित वातावरण नहीं मिल रहा है। आए दिन बालिकाओं पर होने वाले अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसमें सबसे ज्यादा मामले छेड़छाड़ और दुष्कर्म के हैं। जमीनी सच्चाई बता रही है कि समाज और सरकार बालिकाओं की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित कर पाने में नकारा साबित हो रहा है। एक वर्ष की बच्ची से लेकर अधेड़ उम्र की महिला सुरक्षित नहीं है। माता पिता ढाई तीन साल की आयु में अपनी बेटी को स्कूल भेज देते है। जब तक बेटी सुरक्षित घर नहीं आजाती तब तक माँ की आँखे हर समय घर के दरवाजे को घूरती रहती है। राम राज्य की बातें करने वाले हमारे समाज को आखिर हो क्या गया है। हम किस रास्ते पर चल निकले है। बालिकाओं के सर्वांगीण उत्थान और बेटी बचाने की बात तो जोर शोर से हो रही है, पर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आँकड़े देश और समाज को आईना दिखा रहे हैं। यौन अपराधों के मामले में देश की बच्चियां पराये लोगों के मुकाबले अपने सगे-संबंधियों और जान-पहचान के लोगों से कहीं ज्यादा असुरक्षित हैं। ब्यूरो के आंकड़े इस भयावह सच की तरफ इशारा करते हैं। आंकड़ों के मुताबिक करीब 95 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों का ही शिकार हो रही हैं। हमारी लाख कोशिशों के बावजूद बालिकाओं के प्रति अपराध और हिंसा के मामले साल दर साल बढ़ते जा रहे हैं। बच्चियों से दुष्कर्म की घटनाओं में हाल के वर्षों में तेजी आई है। बालिकाएं बाहर तो क्या, घर में भी सुरक्षित नहीं हैं। इसकी मुख्य वजह समाज में बालिकाओं की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर जागरूकता का अभाव है। बेटी को जन्म से लेकर मृत्यु तक सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। हमारी संकुचित मानसिकता ही उनके विकास में अवरोधक बनी हुई है। आज बालिका हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के बाद भी अनेक सामाजिक कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उनके आगे बढ़ने में बाधाएँ उत्पन्न करती है। पढ़े- लिखे लोग और जागरूक समाज भी इन कुरीतियों के शिकार है। आज भी हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। समाज में कई घर ऐसे हैं, जहाँ बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जा रही है। यह दिवस बालिका शक्ति को लोगों के सामने लाने तथा उनके प्रति समाज में जागरूकता और चेतना पैदा करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस देश की एक सच्चाई यह है कि भारत में हर घंटे चार बच्चों को यौन शोषण का सामना करना पड़ता है। हमारे देश में कन्या भ्रूण हत्या में इजाफा हो रहा है। सेंटर फॉर रिसर्च के अनुसार पिछले 20 वर्षों में भारत में कन्या भ्रूण हत्या के कारण एक करोड़ बच्चियां जन्म से पहले काल की बलि चढा दी गईं। सभी को मिलकर इस कुरीति को मिटाना है। बाल विवाह, भ्रूण हत्या, शिशु मृत्यु दर रोके जाने, स्तनपान कराने, नियमित टीकाकरण, दहेज प्रथा एवं अन्य सामाजिक ज्वलंत विषयों में सुधार लाना चाहिए। आजकल रोज प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मिडिया पर कही ना कहीं से लड़कियों पर हो रहे अत्याचार की खबर दिखाई जाती रहती है परंतु इसकी रोकथाम के उपाय पर चर्चा कहीं नहीं होती है। इस तरह के अत्याचार कब रुकेंगें। क्या हम सिर्फ मूक दर्शक बन खुद की बारी का इंतजार करेंगे। लड़कियों पर अत्याचार पहले भी हो रहे थे और आज भी हो रहे हैं अगर इसके रोकने के कोई ठोस उपाय नहीं किये गये । आज भी हमारे समाज में बलात्कारी सीना ताने खुले आम घूमता है और बेकसूर पीड़ित लड़की को बुरी और अपमानित नजरों से देखा जाता है । न तो समाज अपनी जिम्मेदारी का माकूल निर्वहन कर रहा है और न ही सरकार। ऐसे में बालिका कैसे अपने को सुरक्षित महसूस करेगी यह हम सब के लिए बेहद चिंता की बात है। संविधान और कानून बनाकर नारी के स्वाभिमान की रक्षा नहीं होगी। समाज पूरी तरह जागरूक और सचेत होगा तभी हम बालिका को सुरक्षा और संरक्षा की खुली हवां में साँस दिला पाएंगे।



## बजट सत्र को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दिया मांग पत्र

# भीनमाल को जिला बनाने और एडीएम कार्यालय खोलने की मुख्यमंत्री से मांग

भीनमाल। भीनमाल को जिला घोषित करने और यहां अतिरिक्त कलेक्टर कार्यालय खोलने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण सिंह राठौड़ ने राज्य सरकार से मांग की है। राठौड़ ने मांग रखी कि धार्मिक महत्व के लिहाज से ऐतिहासिक शहर भीनमाल पूरे जिले का मध्य बिंदु, व्यापार, क्षेत्रफल एवं जनसंख्या की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में भीनमाल को इस बजट में जिला घोषित किया जाए। राठौड़ ने मांग पत्र में कहा कि भीनमाल को अभी जिला घोषित करना सम्भव नहीं हो तो इस दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए एडीएम कार्यालय की स्वीकृति प्रदान की जाये।

सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर को लिखित मांग पत्र सौंपा है। 23 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र से पहले श्रवण राठौड़ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इस विषय में अवगत कराया है। कार्यालय बार एसोसिएशन अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बस्तीमल खत्री की ओर से भी भीनमाल में एडीएम कार्यालय खोलने को लेकर श्रवण राठौड़ के जरिये मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पुखराज पाराशर को मांग पत्र सौंपा है। श्रवण राठौड़ ने लिखित मांग पत्र में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी से कहा कि जिला मुख्यालय से भीनमाल बहुत दूर पडता है। ऐसे में इस बजट में संभव हो तो भीनमाल एवं आसपास के क्षेत्रों को मिलाकर जिला घोषित करवाने की मेहरबानी करावें। अगर अभी जिला घोषित करने में परेशानी हो तो कम से कम भीनमाल की आम जनता की भावना और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये भीनमाल उपखण्ड कार्यालय पर आगामी बजट में अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय स्वीकृत किया जाए।

## किसानों को राजस्व मामलों में मिलेगी मदद

मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र में श्रवण राठौड़ ने लिखा कि भीनमाल में एडीएम कार्यालय खोले जाने से भीनमाल, रानीवाड़ा एवं सांचौर विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले 6 उपखंडों को फायदा होगा। क्योंकि एसडीएम (सहायक कलेक्टर) यहां बतौर राजस्व न्यायालय के पीठासीन अधिकारी के रूप में सेवारत है। यहां



राजस्व न्यायालय क्षेत्राधिकार में जिले का 70 प्रतिशत भू-भाग आता है एवं जिले के तमाम राजस्व मुकदमों में इन मुख्यालय के ही 80 प्रतिशत मुकदमें लंबित है। ऐसे में इन तमाम न्यायालयों का अपीलीय कोर्ट अतिरिक्त जिला कलेक्टर जालोर में होता है। नया एडीएम कोर्ट भीनमाल में स्वीकृत होने से जमीन संबंधी मामलों को लेकर किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

सांचौर एवं चितलवाना उपखण्ड मुख्यालय जालौर जिले से करीब 153 व 180 किलोमीटर दूर स्थित है। साथ ही बागोड़ा, भीनमाल, रानीवाड़ा, जसवंतपुरा मुख्यालय भी काफी दूर-दूर है। राजस्व मुकदमों में पक्षकार प्रमुख रूप से किसान होते है। किसानों को लंबी दूरी तय कर न्यायालय में पैरवी करने के लिए आने में भारी धनराशि व्यय होती है। किसानों को लंबा व महंगा न्याय मिल रहा है, जिससे किसानों के साथ अन्याय होता है। ऐसे में इस बजट में तुरंत प्रभाव से भीनमाल में एडीएम कार्यालय स्वीकृत किया जाए।

## कठूमर ब्लॉक के पेंशनर्स जल्द करवाएं सत्यापन कहीं रुक ना जाए आपकी पेंशन

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित एवं राज्य सरकार की स्टेट फ्लैगशिप योजना अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाने की कठूमर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने



अपील की है। ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि अलवर जिले में वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत कुल 462030 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं । वर्तमान में 169923 पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है। अब तक उपखंड मुख्यालय कठूमर से 17567 एवं नगरपालिका खेली में 357 पेंशनर्स का वार्षिक सत्यापन हुआ है। वहीं उन्होंने बताया कि पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनर्स को अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्को पर जाकर बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाया जाना अनिवार्य है।ई-मित्र प्लस मशीनों पर भी सत्यापन की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। ई-मित्र प्लस मशीन अलवर जिले की सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर उपलब्ध है। सत्यापन के अभाव में माह जनवरी 2023 के बाद पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा वार्षिक भौतिक सत्यापन से शेष पेंशनर्स सत्यापन अवश्य करवाएं।

## एमबीडी कॉलेज में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयन्ती पराक्रम दिवस के रुप में मनाई

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

कुशलगढः स्व.मामा बालेश्वर दयाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशलगढ़ में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयन्ती पराक्रम दिवस के रुप में



मनायी गयी। प्राचार्य श्री महेन्द्र कुमार देपन ने सुभाषचंद्र चंद्र बोस की जयन्ती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। स्वतंत्रता संग्राम में सुभाषचंद्र बोस के अतुलनीय योगदान विषय पर अन्तसंर्काय वैचारिक मन्थन किया गया। नेताजी ने संघर्ष करते हुए जीवन पर्यन्त राष्ट्रसेवा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। उनके देशप्रेम,अदम्य साहस,ओजस्वी वाणी को सदैव याद किया जाएगा। नेताजी का संघर्षमय जीवन युवाओं में नव उत्साह व आत्मविश्वास का संचार करेगा। कार्यक्रम में सहायक आचार्य श्री मोहित चुहाडिया, डॉ योगेश वर्मा, डॉ कमलेश मीना, श्री नरेन्द्र कुमार , श्री माखनसिंह मीना, श्री कैलाशचन्द्र खटीक, डॉ प्रवीण कटारा, डॉ धर्मेन्द्र भाभोर , गिरिश कुमार ,विक्रम सिंह भाटी, दिलीप वसुनिया उपस्थित रहे।ये जानकारी प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन ने दी।

## कस्बे में बाल विवाह को लेकर महिलाओं की जाजम बैठक का हुआ आयोजन

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। कस्बे के आंगनवाडी केन्द्र पर महिलाओं की बाल विवाह को लेकर सोमवार को एएनएम प्रिया वर्मा की अध्यक्षता



में जाजम बैठक आयोजित की गई। साथिन उषा गुप्ता ने बताया कि बाल विवाह में बचपन में ही जिम्मेदारियों का बोझ और बचपन में ही अधिक जिम्मेदारियों को बढ़ाना परिवार में बच्चों की जिम्मेदारी ठीक से नहीं संभाल एव स्वास्थ्य और शारीरिक, मानसिक हिंसा के शिकार हो जाती है। वहीं उन्होंने बताया कि शिक्षा से वंचित होना शिक्षा का अभाव बौद्धिक विकास अवरुद्ध हो जाएगा और बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पाएंगे गरीबी में भेदभाव की मार झेलना पड़ेगा, बाल विवाह करने पर कम उम्र में मां बनना, खराब स्वास्थ्य, कम उम्र में मां और बच्चा प्रसव के दौरान दोनों की जान को खतरा तथा कमजोर बच्चा पैदा होता है। इस मौके पर जाजम बैठक में साथिन उषा गुप्ता, कार्यकर्ता संगीता जैन, सहायिका संता सेन, सहयोगनी अनीता कूलवाल, माया, नीरू शर्मा सहयोगिनी, मोना, रिया, लज्जा,मीरा, मोनू ,पिंकी लज्जा आदि महिलाएं उपस्थित रही।

## उपखंड कार्यालय के नवीन भवन में हुआ कामकाज शुरू

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**

कामां- कामां कस्बे के गया कुंड मोहल्ला स्थित गोपीनाथजी स्कूल के समीप नवनिर्मित उपखंड अधिकारी कार्यालय भवन का सोमवार का हवन यज्ञ व मंत्रोच्चार के साथ विधिवत कामकाज शुरू हो गया उपखंड अधिकारी दिनेश शर्मा व नगर पालिका अध्यक्ष गीता खंडेलवाल द्वारा हवन यज्ञ व पूजा-



अर्चना कर नवनिर्मित भवन मे विधिवत कामकाज शुरू किया गयो सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता दुलीचंद मीणा ने बताया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा नवीन उपखंड अधिकारी कार्यालय भवन का 220 लाख रुपए की लागत से निर्माण कराया गया था 4 महीने पहले इस भवन का लोकार्पण भी कर दिया गया था लेकिन कामकाज शुरू नहीं हो सका था आज सोमवार को नवीन उपखंड अधिकारी कार्यालय भवन में उपखंड अधिकारी दिनेश शर्मा व पालिका अध्यक्ष गीता खंडेलवाल की मौजूदगी में हवन यज्ञ व मंत्रोच्चार के साथ कार्यालय में विधिवत रूप से कामकाज शुरू हो गयो उल्लेखनीय है कि पूर्व में कामां कस्बे में नगर पालिका भवन के पास एक भवन में उपखंड अधिकारी कार्यालय चलता था भवन पुराना होने के कारण अब नए भवन का निर्माण कराया गया है नवीन उपखंड अधिकारी कार्यालय भवन के अवसर पर पहाड़ी उपखंड अधिकारी सुनीता यादव,कामां तहसीलदार जितेंद्र सिंह, एएसपी हिम्मत सिंह ,बीसीएमओ डॉ केडी शर्मा ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ राजपाल यादव, प्रवर्तन निरीक्षक प्रदीप शर्मा, कैथवाडा थानाधिकारी राम नरेश मीणा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष खुशबुद्दीन खॉन, राहुल खान पटवारी सबलाना अधिवक्ता शैवाल शर्मा सहित गणमान्य नागरिक व विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद थे

## कस्बे की दरगाह स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में दी जानकारी

**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**

कठूमर । कस्बा स्थित दरगाह स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कन्वर्जेंस आधारित योजना पर सोमवार को अध्यापिका ओमवती मीना की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।



साथिन उषा गुप्ता ने बताया कि बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का शुभारंभ 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री द्वारा भारत के 100 जिलों हेतु पानीपत हरियाणा से प्रारंभ किया गया जो अप्रैल 2016 में भारत के 61 जिलों मे तथा 8 मार्च 2018 को राजस्थान के झुंझुनू में प्रधानमंत्री द्वारा एक विशाल समारोह में पूरे भारत में योजना लागू किया गया। वहीं बताया कि वर्तमान में राजस्थान के सभी जिलों को इस योजना से जुड़ गए हैं। योजना विभिन्न विभागों के संबंधित प्रयासों से राज्य में संचालित की जा रही है। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग,चिकित्सा विभाग, शिक्षा ,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचायती राज विभाग आदि प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक में अध्यापिका ओमवती मीना, साथिन उषा गुप्ता, कार्यकर्ता संगीता जैन, रेखा ,आरती ,शिल्पी ,नीतू, प्रियांशी, सपना , पिंकी, मानसी, दीपा , मोना, रितु रिया, रिंकी आदि उपस्थित रही।

# सुकून और सीख दोनों का संगम केन्द्र बना सज्जनगढ़ का मुक्तिधाम

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

निराली हुई सुबह-शाम की रौनक मुक्तिधाम शब्द ही ऐसा है कि कानों में अंतिम और परम सत्य का संदेश गुंजाने के साथ ही संसार के शोर शराबे और उठापटक से दूर शांति का पैगाम तो देता है । लेकिन जब यही मुक्तिधाम सुकून और सीख का संगम केंद्र बन जाए तो फिर हर कोई सुबह शाम दो पल गुजारने को खिंचा चला आता है। ऐसे ही मन भावन स्थल का रुप धर लिया है सज्जनगढ़ के मुक्तिधाम ने।सज्जनगढ़ बस्ती क्षेत्र से मुक्तिधाम एक किलोमीटर दूर तांबेसरा रोड पर बनाया गया है।



### पंचायत ने वीरानी को बदला रौनक में

एक समय इस मुक्तिधाम पर किसी की मौत होने पर अंतिम संस्कार करने के लिए लोगों की मौजूदगी नजर आती थी ।इसके बाद यहां सन्नाटा पसरा रहता था । परंतु अब मंजर पूरी तरह बदल चुका है। यहां के मुक्तिधाम पर ग्राम पंचायत सज्जनगढ़ द्वारा वृक्षारोपण , चारों तरफ रिंगवाल का निर्माण तथा सम्पूर्ण परिसर में अमरीकन घास लगाई जाकर खूबसूरती को चार चांद लगाए हैं । यही मुक्तिधाम सुविधाओं का विस्तार भी किया गया है।बैठने के लिए कुर्सियां लगाई हैं ताकि लोग यहां आकर दो पल सुकून से बीता सकें। पूरे मुक्तिधाम क्षेत्र के कायाकल्प होने से चारों तरफ हरियाली नजर आ रही है। । उजाले के पुख्ता इंतजाम के लिए मुक्तिधाम पर ग्राम पंचायत द्वारा हाई मास्क लाइट भी लगाई है।

### वात्सल्य गो सेवा संस्थान के उपसनायुक्त जतन

वात्सल्य गौ सेवा संस्थान द्वारा गौशाला का निर्माण भी उसी परिसर में किया गया है। जहां गो पालन और संरक्षण के पुण्य दायी जतन हो रहे हैं ।परिसर में गौशाला का निर्माण होने से लोगों द्वारा अपना जन्म, उत्सव, शादी की सालगिरह, पुण्यतिथि को लेकर गौशाला में गो सेवा के उपक्रम नियमित होने लगे हैं।ऐसा परिवर्तन होने कारण आम जन और श्रद्धालु मुक्तिधाम परिषद क्षेत्र में प्रदक्षिणा, परिक्रमा के लिए आवागमन बढ़ा हैं। सज्जनगढ़ उपखंड मुख्यालय के आसपास कोई बाग बगीचा नहीं होने कारण लोग अब मुक्तिधाम परिसर में विकसित बगीचे में टहलने वालों के रेलमपेल बढ़ी है। उसी परिसर में अंतिम संस्कार के बाद नहाने के लिए हॉल का निर्माण भी किया गया है इसमें पर्याप्त स्वच्छ पानी की व्यवस्था है। मुंडन संस्कार के लिए भी यहां पर जरुरी सुविधा ग्राम पंचायत द्वारा कर की गई है। बांसवाड़ा के प्रशासनिक अधिकारी मुक्तिधाम का अवलोकन कर ग्राम पंचायत की प्रशंसा कर चुके है।

### सरपंच का कहना है

ग्राम पंचायत सरपंच कांता कटारा ने बताया कि मुक्तिधाम के पास तालाब है उस तालाब की पाल पर सीसी सड़क बना कर दोनों तरफ फुलवारी के पौधे लगाकर बगीचे के रूप में विकसित करना प्रस्तावित है। तालाब की पाल पर दोनों तरफ लाइटिंग लगाने का कार्य योजना में ले रखा है , ताकि आम जन को शान्त व हरा-भरा क्षेत्र मिल सके। ग्राम पंचायत वार्ड पंच दिलीप कलाल ने बताया कि मुक्तिधाम पर बहुत ही जल्दी बिरादरी भवन का निर्माण किया जायेगा। उप सरपंच दाड़म सेठ ने बताया कि आमजन की भावना के अनुसार सरकार से प्राप्त ग्रांट से मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण किया गया है। यह जानकारी महेश कुमार सोनी ने दी।

## वाग्धारा संस्था द्वारा हाट बाजार में वागडी,लोक गीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम किया गया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

कुशलगढः वाग्धारा संस्था के माध्यम से जनजातीय क्षेत्र में पुनः गावो के बाजारों में अब हाट बाजार की रोनक लोटने के लिए लोगो को जनजागरूकता रथ का आगाज किया गया।जिसमे संस्था के परमेश पाटीदार ने बताया की छोटी सरवा एवं मोकमपुरा ग्राम पंचायत स्तर पर वाग्धारा संस्था द्वारा हाट बाजार में वागडी,लोक गीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम किया गया संस्था का उद्देश है की हम हमारे संस्कृति की और लोटे लोगो को किसी भी आवश्यक सामग्रियों की आवश्यकता है तो बाजार नही जाना पड़े क्योकि गांवों में हमारे दादा परदादा युवा भाई-बहन के पास इतना हुनर एवं कार्य करने की क्षमता है कि वह समस्त कार्य अपनी आवश्यकता अनुसार कर सकते हैं परंतु उनको तराशने की



आवश्यकता थी धीरे-धीरे हम लोग बाहरी चीजों पर निर्भर हो गए तो इन लोगों ने भी अपने काम धंधे को छोड़ दिया था हमें पुनः उसे अपनाना है हम पैसा खर्च करके और दोगुनी कीमत देकर जो वस्तुएं बाजार से खरीद कर लाते हैं वह अनुपयोगी एवं निरर्थक हो जाती है एवं जो हमारे हस्तशिल्प के माध्यम से हमारे गांव में जो निर्मित की जाती है वह टिकाऊ एवं मजबूत होती है इन्हीं के लिए आज वागधरा संस्था के माध्यम से यह पहल की गई है छोटी सरवा ग्राम पंचायत के सरपंच विजय भाई डामोर ने नुक्कड़ नाटक के दौरान बताया कि हम ग्राम पंचायत स्तर पर हाट को बढ़ावा देंगे एवं स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे इस दौरान हाट में आए महिला पुरुष बालक बालिकाएं युवक-युवतियों ने नुक्कड़ नाटक का आनंद लिया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम गावो की शोभा बढ़ाते हैं एवं इस दौरान हाट में आये सभी लोगो ने कार्यक्रम को देखा एवं सराहा एवं कहा की स्थानीय स्तर पर हाट को बढ़ावा देना चाहिए इस दौरान जागरूकता रथ खेरियापाडा, शोभावती, बावलिया पाडा इत्यादी गावो में जागरूकता की गयी जीके दोरान बाबूलाल चोधरी,टीना एवं शरद कटारा आदि उपस्थित रहे कये जानकारी कमलेश बुनकर ने दी।

## विधायक ने जिला बनाओ आंदोलन से बनाई दूरी, धरना स्थल पर महिलाओं ने लगाया विधायक जाहिदा खान की गुमशुदगी का बैनर

कामां- कामां को जिला बनाने के लिए चल रहे अनिश्चितकालीन सांकेतिक धरने के 71 वें दिन विधायक जाहिदा खॉन की ससुराल ग्राम पंचायत गढ़अजान की सरपंच रुबिया बानो के नेतृत्व में गांव दोलावास नंगला मुकारिब के ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए कामां को जिला बनाने की मांग।

विधायक के गांव की सरपंच रूबिया बानो ने कहां की क्षेत्र की जनता 71 दिन से कामां को बनाने के लिए लाल दरवाजे पर बैठकर आंदोलन कर रही है लेकिन आज तक स्थानीय विधायक ने इसके समर्थन में एक शब्द तक नहीं बोला है कामां को जिला बनाने के मुद्दे पर हमारी विधायक गुमशुदा नजर आ रही है जबकि राजस्थान के सभी विधायक सरकार से अपने-अपने क्षेत्रों को जिला बनाने की मांग को सरकार के समक्ष जोरदारी से रख रहे हैं लेकिन हमारी विधायक द्वारा सरकार से जिला




बनाने की मांग करना तो दूर की बात है आज तक इस आंदोलन का सार्वजनिक रूप से समर्थन तक नहीं किया है विधायक को डर सता रहा है कि यदि कामां जिला बन गया तो उसकी राजनीतिक विरासत खत्म हो जाएगी इसीलिए विधायक न तो मुख्यमंत्री से कामां को जिला बनाने की मांग कर रही और न ही इस आंदोलन का समर्थन कर रही है लेकिन इस आंदोलन ने विधायक की पूरे मेवात में पोल खोल दी है जिसको लेकर पूरे मेवात क्षेत्र में नाराजी बनी हुई हैं मेवात का हर कोई व्यक्ति यही कह रहा है कि विधायक मेवात की तरक्की नहीं चाहती है लेकिन पूरा मेवात क्षेत्र कामां को जिला बनाने के लिए लाल दरवाजे पर चल रहे आंदोलन के साथ तन मन धन से कंधे से कंधा मिला कर खड़ा है और 26 जनवरी को कामां जिला बनाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर मेवात क्षेत्र के लोग अधिक से अधिक संख्या में जयपुर कूच करेंगे

मेवात में गांव दोलावास के नगला मुकारिब के ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए कामां को जिला बनाने की मांग करने वालों में जमीला,जाहिदा,कलसुम,बासकर,रुकसन,मैहमूदी,आमीन,जैकम, रशीद,सकर,वसीर,शमशू,ईशाक,कलला,रफीक,सलीम,जहूर,तोफिक सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**मरुधर विशेष आमिर खान कामा**

कामा- राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कामां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह नगर पालिका अध्यक्ष गीता खंडेलवाल की अध्यक्षता व कामां उपखंड अधिकारी दिनेश शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पहाड़ी पंचायत समिति के प्रधान साजिद खान थे

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कामां के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह यादव ने बताया कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में राज्यस्तर पर टेनिस बॉल क्रिकेट में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया उनको अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया



गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न अन्य खेल प्रतियोगिताओं में विजेता टीमों को भी सम्मानित किया गया श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यालय के शिक्षको को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उच्च माध्यमिक परीक्षा में कामां पहाड़ी ब्लॉक में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने छात्रा खुशी तंवर को भी सम्मानित किया गया। विज्ञान वर्ग के छात्र भगवान स्वरूप को भी 92 प्रतिशत अंक लाने के लिए सम्मानित किया गयाकार्यक्रम में भगवानदास,इमरान, मधुलता शर्मा, पिंकी गुप्ता, तरुण अटोलिया, भुवनेश पाराशर, ,लक्ष्मी देवी, उपेन्द्रसिंह,अर्चना फौजदार, सहित विद्यालय के सभी अध्यापक व छात्र-छात्रा मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन लोकेन्द्र पाल सिंह व्याख्याता द्वारा किया गया प्रधानाचार्य द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रतिवेदन में बताया गया कि राज्यस्तर पर 29 खिलाड़ियों ने भाग लिया था समारोह के दौरान उपखंड अधिकारी दिनेश शर्मा ने द्वारा छात्र-छात्राओं को शैक्षिक गतिविधि में भाग लेकर अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

## एबीवीपी इकाई कुशलगढ़ ने नपा अध्यक्ष जितेन्द्र अहारी का स्वागत किया

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

कुशलगढः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ईकाई कुशलगढ़ द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष कुशलगढ़, बनने पर जितेंद्र जी अहारी को साफा बांधकर एवम् माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इस अवसर पर जिला सहसंयोजक



कान्ति लाल गरासिया ने पालिका अध्यक्ष बनने पर बधाई दी साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की एवम् बलदेव देवदा, कमल मई डा ने साफा बांध कर स्वागत किया इस अवसर पर तहसील संयोजक प्रकाश मई डा, एमबीडी कॉलेज छात्र संघ उपाध्यक्ष सुषमा राणा, जीजीटीयू छात्र संघ उपाध्यक्ष नेहा राव , तहसील सह संयोजक भूपेंद्र पड़वाल, तहसील मीडिया प्रमुख हितेश डामोर, तहसील संरक्षक भरत मईडा, कॉलेज ईकाई उपाध्यक्ष पिंटेश देवदा, छात्र नेता कॉलेज ईकाई उपाध्यक्ष महेंद्र निनामा, रोहित भोई मीडिया प्रमुख, नरेश गरासिया , रौनक पंचाल , यश कलाल, रोहित प्रजापत, निलेश मई डा, महेश भूरिया, पिंटू मुनिया, राहुल देवदा , गोपाल देवदा, धर्मेंद्र देवदा, आयुष पिठाया, सूरज वसुनिया,मनीषा पटेल, टीना पटेल,कविराज प्रजापत,कृष राव सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद् के कार्यकताओं ने स्वागत किया।

## सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर माध्यमिक विद्या निकेतन के भैया बहनों ने पथ संचलन निकाला जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

कुशलगढः विद्या निकेतन संस्थान कुशलगढ द्वारा सुभाषचंद्र बोस जयंती पर पथ संचलन के पूर्व विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित



अतिथि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट हरेन्द पाठक एवं सदस्य ललित गोलेछा ने सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया ।कार्यकम को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष हरेंद्र पाठक ने सुभाषचंद्र बोस के जीवन वृत्त की जानकारी करवाई साथ ही समिति के ललित गोलेच्छा ने आजाद के जीवन प्रसंग सुनाकर भैया बहिनो को सुभाषचंद्र बोस के जीवन से सीखने व राष्ट के लिए हम भी कुछ करे ?सा आह्वान किया। संस्था प्रधान कैलाश राव ने वर्तमान समय में सुभाषचंद्र बोस के जीवन की प्रासंगिकता से अवगत करवाया ओर कहा की हमे देश के लिए सर्मपण करना हैं देश के सच्चे नागरिक बन कर राष्ट्र को आगे ले जाने में सहयोग करे ।कार्यकम का संचालन प्रा के प्र अ परेश बुनकर ने किया ।अतिथियो का स्वागत बहिन भूमिका ने किया ।सचलन नगर के मुख्य मार्ग से होता हुआ वापस विधालय पहुंचा। सचलन प्रभारी रुपसिह जी के सानिध्य में नगर भ्रमण किया इस अवसर पर हिम्मत सिह धुलचन्द लबाना अक्षितादीदी ने सहयोग किया।

## राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा कर्तव्यबोध पखवाड़े के तहत सीएचसी सज्जनगढ़ में किया फल वितरण

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

सज्जनगढः कर्त्तव्यबोध पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उप शाखा सज्जनगढ द्वारा प्रदेश संगठन द्वारा जारी कर्त्तव्य बोध



पखवाड़ा के तहत 23 जनवरी 2023 सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सज्जनगढ में संगठन के समस्त कार्यकर्ताओ के द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष श्री मोहनजी शर्मा एवं खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. निलेश जी सोनी के सानिध्य मे मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला सभा अध्यक्ष जसवंत सिंह मेरावत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रणछोड़ जी पाटीदार, ब्लॉक संरक्षक कालसिंग जी मछार, नटवर जी पडवाल, डा. मुकेश जी दांतला, अरविंद जी पटोत, दिनेश जी सेवक, रमेश जी पारगी, सुभाष जी सोनी, गजेंद्र जी जैन, जीतमल जी कटारा, धुलजी पटेल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी महेश कुमार सोनी ने दी।

## सरस्वती माध्यमिक विद्यालय सज्जनगढ़ की छात्रा रूशाली लबाना को मिला इंदिरा प्रियदर्शनी अवार्ड

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

सज्जनगढ़ः ब्लॉक सज्जनगढ़ के सरस्वती पब्लिक माध्यमिक विद्यालय सज्जनगढ़ की प्रतिभावन छात्रा




टाण्डामंगला निवासी रुशाली लबाना को कक्षा दसवीं में 92.84 प्रतिशत अंक के साथ उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त इंदिरा प्रियदर्शनी अवार्ड प्राप्त होने से विद्यालय संचालक एवं संस्था प्रधान मुकेश लबाना ने रूशाली का स्वागत किया। कार्यक्रम में रूशाली के अभिभावक रमेश पड़वाल, वीणा लबाना, डॉक्टर सुरेश डांगर, आशीष जैन, हितेश पड़वाल, प्रदीप मेरावत, सतीश कलाल, विजय टेलर, महेश कुमार सोनी सहित कई स्टाफ, ग्रामीण एवं अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश यादव ने किया एवं आभार संस्था प्रधान मुकेश लबाना ने माना। यह जानकारी महेश कुमार सोनी ने दी।

## स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वी जयंती मनाई

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

नीमराना। कस्बे के विजय बाग स्थितनव आदर्श सीनियर सेकंडरी विद्यालय में आजाद हिंद फौज के संस्थापक व स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज सोमवार को 126 वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम नव आदर्श सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के निर्देशक सतीश यादव,



प्रधानाध्यापिका संगीता यादव,युवा नेता रिंकू बड़सीवाल,सामाजिक युवा कार्यकर्ता निशा महतो द्वारा नेताजी की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।नव आदर्श स्कूल निदेशक सतीश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों को कहा कि नेताजी जैसे नेता का देश के लिए अमूल्य योगदान रहा है जिसकी बदौलत भारत देश को आजादी के लिए घर-घर ढाणी ढाणी जाकर आजाद हिंद फौज का गठन किया और आजादी की नींव रखी।इस कार्यक्रम में युवा नेता रिंकू बड़सीवाल ने छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा नेता जी ने नारा दिया था ₹तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा₹ इसके तहत भारतवर्ष में लोगों ने भारत को आजाद कराने में अहम योगदान रहा। उनके बताये हुए मार्गो पर चलकर युवा देश के लिए अहम योगदान देने में भूमिका निभाए।इस अवसर पर नव आदर्श स्कूल निर्देशक सतीश यादव, प्रधानाध्यापिका संगीता यादव, इंजीनियर श्याम सुंदर,पवन,अजीत, भावना शर्मा,धीरज,श्याम सुंदर शारीरिक शिक्षक,निशा महतो,मोहित, तरुण,डिंपल,डेविड,सपना,अनीता, अंजलि सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## कठूमर अस्पताल परिसर में बीडी सिगरेट और गुटखा का सेवन करने वाले 66 लोगो के काटे चालान

मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी




कठूमर। कोटपा एक्ट के तहत चलने वाले चालीस दिवसीय अभियान में एसडीएम लाखन सिंह गुर्जर और बीसीएमओ रविराज के निर्देशन में कठूमर सीएचसी परिसर में धुम्रपान करने वाले लोगों के मौके पर ही चालान काटे गएकठूमर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के प्रभारी डा.हेमंत वर्मा ने अस्पताल परिसर में बीडी, सिगरेट और गुटखा का सेवन करने वाले 66 लोगो के चालान काटे। वही मौके पर ही भविष्य में गुटखा, बीडी सिगरेट नही पीने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर कठूमर सीएचसी स्टॉप मौजूद रहा।

## पल्लीवाल जैन महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारणी के चुनाव हुए सम्पन्न

मरूधर विशेष /दिनेश लेखी



कठूमर। अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारणी के सोमवार को चुनाव सम्पन्न हुये। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर त्रिलोक चंद जैन, राष्ट्रीय महामंत्री महेश चंद जैन निवासी अलीपुर हाल निवासी जयपुर झोटवाडा, राष्ट्रीय अर्थमंत्री भागचंद जैन नौगांवा एवं राजस्थान से महिला प्रतिनिधि सुनीता जैन भरतपुर, मधु जैन पत्नी पवन जैन अलवर हाल निवासी खेड़ली, अलका रानी जैन जयपुर, वही अलवर ग्रामीण क्षेत्रीय सदस्य मुकेश कुमार जैन खेड़ली, ओमप्रकाश जैन हरसाना, और सुरेंद्र कुमार जैन निर्वाचित घोषित किये गये।

## जयपुर में बाला साहेब ठाकरे जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

मरूधर विशेष/गोविन्द सिंह नाथावत

आज बाला साहेब ठाकरे जयंती के अवसर पर जयपुर के थड़ी मार्केट मानसरोवर में बाला साहेब जी की जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया ।



इस मौके पर जयपुर जिला प्रमुख रवि जी के द्वारा नवनियुक्त युवा सेना राज्य प्रमुख रामसिंह सुदरासन जी का स्वागत किया । इस मौके पर रामसिंह सुदरासन के द्वारा बाला साहेब ठाकरे जी की तस्वीर पर पुष्प भेट करके कार्यक्रम की शुरूवात करते हुए बताया की जिस उद्देश्य से बाला साहेब ने शिव सेना की शुरूआत करी थी, उनके विचारों को आगे बड़ाते हुए राजस्थान में हर जिले स्तर पर शिवसेना को मजबूत किया जाएगा ।। इस मौके पर प्रदेश मुख्य सचिव सुरेन्द्र सिंह शेखावत,महिपाल सिंह राठौड़,आतिश गर्ग, जयपुर जिला प्रमुख रवि प्रकाश जुरानी जी ,सांगानेर अध्यक्ष सुधीर गोगिया, जयराम सिवरानी,विकास सचदेवा ,अशोक जाट ,मनोज,जयसिंह बरजन , विजेन्द्र सिंह पीपली का बास,सचिन गुडलिया,कालू सिंह आचीना और शिवसेनीक उपस्थित रहे ।

## गरम स्वेटर पाकर बच्चों के चहरे पर आई मुस्कान

मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार

किशनगढ़- निकटवर्ती ग्राम फलौदा, भोजियावास, गुर्जरों की ढाणी, बालिका रुपनगढ के राजकीय विद्यालय के 130 बच्चों को सद्भावना सेवा समिति भीलवाड़ा स्माइल फाउंडेशन शाखा- किशनगढ़ के सहयोग से



जरूरत मंद बच्चों को गरम स्वेटरो का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप मे समाजसेवी शम्भू सिंह चौरडिया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जरूरत मंद बच्चों की समय पर की गई मदद व सहायता ही ईश्वर की सबसे बडी भक्ति है । भगवान ने हमे इस योग्य बनाया की हम किसी की समय पर मदद कर सके इसके लिए हम ईश्वर के ऋण व उपकार को नही भूलना चाहिए । समिति के कमला चौरडिया का बहुत बहुत धन्यवाद भी अर्पित किया । जिनकी प्रेरणा व सहयोग से इन बच्चों की सर्दी से बचने के लिए समय पर मदद की गई ।कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा पीईईओ तिलौनिया ने सद्भावना सेवा समिति भिलवाड़ा व स्माइल फाउंडेशन शाखा किशनगढ़ के द्वारा विघालय बच्चों की मदद के लिए धन्यवाद देते हुए छोटे बच्चों की मन से की गई सेवा ही सच्ची भगवान की सेवा बताया ।इस अवसर पर तिलौनिया ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष करण सिह के साथ ही गांव के वार्ड पंच मनभर देवी, कमला देवी, श्योजीराम गुर्जर, राकेश कुमार जैन, प्रेम देवी जाट, गीता वर्मा, सुरेश बलाई, माणक चंद सामरिया, रुस्तम अली , रुकमणी शर्मा, मोनिका, संजू यादव, गुर्जर, मधु बाला शर्मा , संतोष आसवानी, विजयलक्ष्मी टांक, रेखा कंवर, संतोष गुर्जर आदि उपस्थित थे ।विधालयो के प्रेरक जगमाल गुर्जर ने सद्भावना सेवा समिति के शम्भु सिह चौरडिया,विमला चौरडिया, चार्वी जैन, आरव जैन व गांव से आये हुए सभी अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया व विधालय की आवश्यक जरूरतों की भी जानकारी देते हुए आवश्यक सहयोग की मांग भी की गई ।

## संघर्ष संस्थान द्वारा किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार

अराई, ग्राम जुगलीपुरा के भीलों की ढाणी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन संघर्ष संस्थान धंधोली के द्वारा हैल्थ इज वेल्थ परियोजना शेयर एंड केयर फाउंडेशन के सहयोग से किया गया शिविर मे




मुख्य अथिति अराई तहसीलदार हनुमान प्रसाद बैरवा रहे तहसीलदार ने संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे दूरगामी क्षेत्र मे सुविधाए प्रदान करना आसान नहीं है उन्होंने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान की स्वास्थ्य शिविर मे पचास लोगो की जांच की गई और गरीब लोगो को कम्बल भी वितरण किया गया गर्भवती महिलाओं एवम बचो को पोसाहर हेतु गुड चावल एवम भुने हुए चने दिए गए शिविर में सिरोंज सरपंच रामलाल मीणा उपसरपंच वार्ड पंच संघर्ष स्थान के शिवजी राम गुर्जर,विमला देवी आचार्य,ऋतु कुमारी ने जानकारी प्रदान की श्रमिक शिक्षा बोर्ड जयपुर से एके दीक्षित जिन्हें श्रमिकों हेतु कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की अंत में कार्यक्रम समन्वयक विमला देवी ने सब का धन्यवाद किया

## रा.उ.मा.वि. ढसूक में मनाया गया वार्षिकोत्सव

मरुधर विशेष/भूपेन्द्र सिंह पँवार

अराई,रा.उ.मा.वि. ढसूक में वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह



सरपंच महोदया नंदू देवी के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से आयोजित किया गया ।प्रधानाचार्य बद्रीलाल शर्मा ने बताया कि विभागीय निदेर्शानुसार आयोजित कार्यक्रम में भामाशाहों का सम्मान किया गया एवं शैक्षिक,खेल एवं कला क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम में एसीबीईओ अराई, सीआर प्रतिनिधि महावीर जेवल्या, शिक्षाविद गोविंदनारायण नामा, बालकृष्ण शास्त्री सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अमेठी जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी

मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य



अमेठी 23 जनवरी 2023, आज सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के परिसर में सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी ने किया। इस अवसर पर मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जिलाधिकारी ने ह्लह्लसड़क सुरक्षा शपथह्लह्ल दिलायी। इसके अतिरिक्त तहसील मुख्यालयों पर उपजिलाधिकारी एवं ब्लाक मुख्यालयों पर खण्ड विकास अधिकारियों के अगुवाई में ह्लसड़क सुरक्षा मानव श्रृंखलाह्ल बनायी गई तथा सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ह्लसडक सुरक्षा माहह्ल अभियान 05 जनवरी से प्रारम्भ होकर 04 फरवरी, 2023 तक चलाया जायेगा। इसके द्वारा सडक दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सकेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा माह के तहत आज एक विशेष कार्यक्रम ह्लह्लसड़क सुरक्षा मानव श्रृंखलाह्लह्ल का आयोजन किया गया है। जिसमें यह प्रयास किया गया है कि अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनायी गई है। उन्होने कहा कि यह बहुत हर्ष की बात है कि इसमें जनपद के छात्र-छात्राओं तथा अन्य लोगों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया है। उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन विभाग के साथ पुलिस, लोक निर्माण, समस्त निर्माण एजेंसी, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन विद्यालयों, नगरीय निकायों एवं ब्लाक स्तर पर सड़क सुरक्षा के प्रति कार्यक्रम आयोजित कर आम जनमानस को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने यातायात नियमों का पालन किये जाने तथा इसके प्रति सभी को जागरुक करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम बच्चों को वाहन न चलाने दें, मोटर साईकिल व स्कूटर चलाते समय हेलमेट एवं चार पाहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगायें। उन्होने कहा कि नशे की हालत में एवं मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलाये तथा तेज गति से वाहन न चलाये और स्टंट आदि बिलकुल न करें। उन्होने जुडे सभी विभागो को आपसी समन्वय के साथ कार्य किये जाने का निर्देश दिया। उन्होने यह भी कहा कि इस अभियान में जिस विभाग को जो जिम्मेदारी दी गयी है, उसे पूरी निष्ठा से पालन करते हुए इसे सफल बनाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं से बचें। सभी को यातायात नियमों का सदैव पालन करना चाहिए। जिससे कि स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। उन्होने कहा कि शराब पीकर वाहन कदापि न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग बिल्कुल न करें। उच्च मानक वाले हेल्मेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विमलेंद्रु शेखर, जिला विद्यालय निरीक्षक उदय प्रकाश मिश्र, आरटीओ प्रशासन एवं प्रवर्तन, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राम प्रसाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# धार्मिक कथा हमें संस्कार के साथ अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करती है - जामोला




ग्राम गुड्डा अखेराज जिला पाली में श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में मुख्य अतिथि क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेश महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह जामोला थे , ग्राम वासियों द्वारा माल्यार्पण कर साफा पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया , कथावाचक यशोदानंदन जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मानव कल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने बताया भागवत कथा में नइ ऊर्जा सृजित करने की क्षमता है, इससे सभी को नई प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष में यह उनकी 119 वीं श्रीमद् भागवत कथा आयोजित हुई है। कथा का यह सिलसिला निरंतर यूं ही बढ़ता रहेगा।अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह जामोला ने बताया कि इस कथा से लोग एक साथ धर्म और देश भक्ति का रसपान करेंगे। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन में सभी ग्रामवासियों को अधिक से अधिक संख्या में शिरकत करने की अपील की।मानव कल्याण के उद्देश्य से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए। धार्मिक कथा हमें संस्कार के साथ अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करती है। श्री जामोला ने अपनी ओर से मद भागवत कथा में आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया !

### अंत में चीकू सिंह जी ने सभी का हार्दिक आभार धंयवाद ज्ञापित किया

भवानी सिंह चारण,हरिराम,कानाराम, रूपसिंह जी नरपत सिंह जी ,उमेदसिंह जी अमरारामजी , मंच संचालक खरताराम जी ने किया इव सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# माउंट आबू शिवसेना द्वारा शिवसेना प्रमुख स्व मननिया बालासाहेब ठाकरे वा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्मजयंती शिवसैनिको ने धुम धाम से मनाई..




माउंट आबू शिवसेना एकाई द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष मैं सुभाष चौराहे पर शिवसैनिको द्वारा नेताजी की प्रतिमा को मांलयर्पण कर उनको याद किया गया व धड़ाधड़ महादेव मंदिर मैं शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे के जन्म दिवस के उपलक्ष में बाला साहब की तस्वीर पर मांलयर्पण व पुष्प भेट कर उनके सिद्धांतो पर चलने की प्रतिज्ञा ली.

वही शिवसेना उपप्रमुख प्रशांत सिंह ने बताया के महान नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा बुरे हाल में है प्रतिमा व चोराहा की दुर्दशा हो रही है लेकिन प्रसासन सोया हुआ है नेताजी की प्रतिमा व चोराहे के रंग रोगन करने तक को नगरपालिका के पास राशि नहीं है जबकी बड़े अधिकारी का निवास स्थान पास होने के बावजूद कोई ध्यान देने वाला कोई नहीं सभी शिवसैनिको ने इस विषय पर खेद व अपना आक्रोश व्यक्त किया कार्यकर्म में नगर प्रमुख वीरेंद्र सिंह चौहान ,उपप्रमुख प्रशांत सिंह, जिला संगठन प्रमुख प्रतापसिंह मकवाना ,रळ. विभाग प्रमुख रमेश आलिका, पूर्व नगर प्रमुख प्रह्लाद जायसवाल ,संजय सिंह, जितेंद्र बनोधा ,लक्ष्मण माली, देवी सिंह, प्रेम कलमा, चंचल सिंह ,हेम बहादुर खत्री समस्त शिवसैनिको मोजुद रहे

# दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति और राधा सखी की बहनों द्वारा आज बड़ा रामद्वारा सूरजपोल में कन्यादान का कार्यक्रम

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा



बांसवाड़ाः विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा की दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति और राधा सखी की बहनों द्वारा आज बड़ा रामद्वारा सूरजपोल में कन्यादान का कार्यक्रम रखा गया दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका साक्षी दक ने कहा कि फिर से आया मौका बेटी के कन्यादान में सहयोग करने का हम बड़े सौभाग्यशाली हैं भगवान ने हम सभी बहनों को 53 वी बेटि मधु मीणा बलिया गांव की कन्यादान में सहयोग करने का हमें मौका मिला सभी बहनों ने मिलकर मेहंदी लगाई दुल्हन को मैं गीत गाए मंगल गीत गाए और नृत्य किया शादी के गीत विदाई के गीत हल्दी व मेहंदी के गीत गाए बड़ा रामद्वारा की संत श्री राम प्रकाश जी महाराज ने भी बेटी को आशीर्वाद दिया और उसके विवाहित जीवन उज्जवल हो ऐसी कामना की। विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख तरुण कुमार अडीचवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में और दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका साक्षी दक, मातृशक्ति जिला सत्संग प्रमुख मिथिलेश कौशिक, जिला बालसंस्कार साधना देवड़ा ,मातृ शक्ति नगर संयोजिका नैना जैन, तेजा बाई दक, अंजना मेठानी, प्रतिभा जैन, राजेश्वरी चौधरी ,मंजू शर्मा, दया पंचाल, रेणुका श्रीमाली ,जय श्री पंचाल, यामिनी जोशी ,वंदना मेहता, सुनीता कोशीक, मीनाक्षी भट्ट, पिंकी द्विवेदी, प्रेमलता कंसाला ,गायत्री पंड्या ,उर्मिला कंसारा ,उषा परमार ,ज्योति ,दीपा ,बिनीता राणा और संचिका द्विवेदी दो जुड़वा प्यारी सी बेटियों ने भी कन्यादान मैं भाग लिया । बेटी को कन्यादान स्वरूप लोहे की पेटी पायल, बिछिया, साड़ियां ,बर्तन गिफ्ट आइटम, कंबल ,चद्दर, सिंगार का सामान शॉल श्रीफल, पैंट शर्ट ,और रुपए वर के लिए भी दिए गए हैं ।ये जानकारी तरुणकुमार अडीचवाल

जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा ने दी।

## कस्बे के दरगाह स्कूल में बच्चों को भामाशाह के सहयोग से किए गर्म वस्त्र वितरण

मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी

कठूमर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कठूमर के उच्च प्राथमिक खंड दरगाह वाले स्कूल में विद्यार्थियों को भामाशाह के माध्यम से जर्सी और गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। प्रेरक के रूप में प्रधानाचार्या विराज चौहान की



प्रेरणा से 45 बच्चों को जसीर्या उपलब्ध कराई गई तथा शिक्षक भूमिदत्त शर्मा की प्रेरणा से 15 जर्सियाँ सुनील बजाज द्वारा,10 जैकेट अनिल कूलवाल द्वारा,5 जर्सियाँ मंदो बजाज तथा 5 जर्सियाँ गोपाल ट्विंकल द्वारा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सभी भामाशाह का शुक्रिया अदा किया गया तथा हर वर्ष इसी प्रकार जरूरतमंद बालकों को गर्म वस्त्र वस्त्र उपलब्ध कराने का आश्वासन भामाशाह द्वारा दिया गया। इस मौके पर विद्यालय परिवार के वासुदेव, ओमवती देवी, पवन कुमार ,उदल सिंह, शुभम कुमार, पिंकी मीणा, सोनू सिंह, तोताराम शर्मा पप्पू राम गुप्ता सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

कामा - भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान के नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकताओं ने महान वीर योद्धा नेताजी सुभाष चंद्र



बोस की धूमधाम से जयंती मनाईभाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान ने बताया भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक आजाद हिंद फौज के संस्थापक तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देने वाले युवाओं और सभी भारतवासियों के प्रेरणा स्रोत देश का गौरव मां भारती का महान वीर योद्धा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई और चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर बूथ अध्यक्ष शाहिद खान, बूथ उपाध्यक्ष अफजल खान, उपाध्यक्ष सत्तर खान, आदिल खान, रोकिल खान, वसीम, कामिल, अफफल सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## कर्तव्य बोध पखवाड़े के समापन पर किया संकल्प पत्र का वितरण

अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा

कुशलगढः राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कुशलगढ़ कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा निर्धारित स्थाई कार्यक्रमों में विवेकानंद जयंती 12 जनवरी से 23 जनवरी सुभाष चंद्र बोस जयंती के मध्य मनाए जाने वाले कर्तव्य बोध पखवाड़े का आज उपशाखा कुशलगढ़ द्वारा शिक्षकों को संकल्प पत्र वितरण कर समापन किया गया ।उपशाखा कुशलगढ़ के अध्यक्ष पृथ्वी




सिंह पडवाल एवं मंत्री कन्हैयालाल निनामा ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी उपशाखा कुशलगढ़ द्वारा संगठन की रीति नीति अनुसार कर्तव्य बोध पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसके तहत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बालिका इंदिरा कॉलोनी में कर्तव्य बोध संगोष्ठी का आयोजन कर शिक्षकों को शिक्षक संकल्प पत्र का वितरण किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिगपाल सिंह राठौड़ एवं उपशाखा अध्यक्ष पृथ्वी सिंह पटवाल ने शिक्षकों के छात्रों के प्रति कर्तव्य, अभिभावकों के प्रति कर्तव्य, समाज एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, सहकर्मियों और व्यवसाय के प्रति कर्तव्य तथा राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रति कर्तव्यों का विस्तार से बोध कराया गया इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष माधवलाल कटारा सुभाष चन्द्र बोस के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला । क्षेत्रीय संगठन मंत्री भरत कुमार माधवया एवं प्रधानाध्यापक प्रतिनिधि सुभाष चंद्र नाहटा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को अपने अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक एवं पूर्ण मनोयोग से हर काम को तन मन धन से पूरा करना चाहिए। इस अवसर पर दौलसिंह डामोर, यज्ञेश देशाई, प्रदीप कुमार महोदीया , भरत माधविया, माधवलाल कटारा, दिग्पाल सिंह राठौड़, सुभाष चन्द्र नाहटा , पृथ्वीसिंह पड़वाल आदि उपस्थित थे । ये जानकारी दिग्पाल सिंह राठौड़ ने दी।

## सड़क सुरक्षा हेतु जनजागरण अत्यावश्यकः धीरेन्द्र सिंह- प्रदेश उपाध्यक्ष

मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य

उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी में आज स्वतंत्रता संग्राम के महा नायक नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर धीरेन्द्र प्रताप सिंह - प्रधानाध्यापक सहित समस्त स्टाफ व बच्चों द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एवम सड़क सुरक्षा जनजागरण अभियान के अन्तर्गत कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला, तिलोई - अमेठी की छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर ग्राम वासियों को जागृत किया गया, कार्यक्रम का नेतृत्व धीरेन्द्र प्रताप सिंह जी प्रधानाध्यापक एवम प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ- अमेठी ने किया, तत्पश्चात विद्यालय में सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई। सड़क सुरक्षा पर बच्चों की पोस्टर/ चार्टिंग प्रतियोगिता भी सम्पन्न हुई, जिसमे रोशनी, शायमा, व मनीष कुमार ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया,सभी को प्रधानाध्यापक द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय में एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें अपने उद्बोधन में धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यातायात नियमों की जानकारी के अभाव में आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, यदि हम विषयों के पाठ्यक्रम की तरह ही सड़क सुरक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करके उसका व्यावहारिक ज्ञान छात्र छात्राओं को करायें तो सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी, कार्यक्रम को सफल बनाने में अमिता जायसवाल, रजिया बानो, शशि कुमारी सिंह, सरिता सिंह, प्राची श्रीवास्तव, पल्लवी श्रीवास्तव, सुचित्रा सती , प्रभावती - अनुचर एवम बच्चों आदि ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## रायबरेली/छतोह- उत्थान सेवा संस्थान के द्वारा शुभम तिवारी (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर छतोह ) ने 300 कंबल वितरण एवं 300 बीज किट के वितरण का कार्यक्रम संपन्न किया

मरूधर विशेष /संवाददाता शिवकुमार मौर्य




आज सोमवार छतोह ब्लाक में श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी केंद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं सांसद अमेठी जी के मार्गदर्शन में उत्थान सेवा संस्थान के द्वारा शुभम तिवारी (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर छतोह ) ने 300 कंबल वितरण एवं 300 बीज किट के वितरण का कार्यक्रम संपन्न किया जिसमें ब्लॉक के समस्त जरूरतमंद लोगों को बुलाकर एवं असहाय व्यक्तियों के घर पर अपनी टीम के द्वारा डोर टू डोर कंबल का वितरण किया जिसका लाभ इस सर्दी भरे मौसम में ब्लॉक की समस्त जनता को मिल रहा है सुधांशु शर्मा जी का कहना है की विधानसभा के समस्त ब्लॉकों में हम स्वयं जाकर कंबल वितरण एवं बीज वितरण का कार्यक्रम संपन्न करवा रहे हैं जिसमें दिन रात निरंतर मेहनत हो रही है वही छतोह ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उत्थान सेवा संस्थान के शुभम तिवारी जी का कहना है की दीदी जी के मार्गदर्शन में हम छतोह की जनता के उत्थान के लिए हमेशा उत्थान सेवा संस्थान के माध्यम से जरूरतमंद एवं समस्त जनता जनार्दन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहेंगे इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ब्लॉक के समस्त समाजसेवी गणमान्य लोग उपस्थित रहे !

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256